# मन मेरा बन गया है मोर मैं तो नाचूँगी भजन लिरिक्स

मन मेरा बन गया है मोर,
मैं तो नाचूँगी,
मेरे दिल में उठे हिलोर,
मैं तो नाचूँगी,
मन मेरा बन गया हैं मोर,
मैं तो नाचूँगी।**bd।**

तर्ज – मैं तो नाचूँगी।

---

ग्वाल बाल संग सखियाँ नाचे,
गैया बछिया झूम के नाचे,
संग संग नाचे नंदकिशोर,
मैं तो नाचूँगी,
मन मेरा बन गया हैं मोर,
मैं तो नाचूँगी।**bd।**

---

तरुवर के संग लता भी नाचे,
मधुबन निधिवन झूम के नाचे,
संग संग गोवर्धन कर जोर,
मैं तो नाचूँगी,
मन मेरा बन गया हैं मोर,
मैं तो नाचूँगी।**bd।**

---

विष्णु शम्भू संग ब्रम्हा नाचे,
सभी देवगण झूम के नाचे,
संग संग ऋषि मुनि संत चकोर,
मैं तो नाचूँगी,
मन मेरा बन गया हैं मोर,
मैं तो नाचूँगी।**bd।**

---

राधा के संग ललिता नाचे,
कृष्णानंद संग झूम के नाचे,
संग संग जड़ चेतन चहुँ ओर,
मैं तो नाचूँगी,

**Bhajan Diary Lyrics,**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मन मेरा बन गया है मोर,
मैं तो नाचूँगी,
मेरे दिल में उठे हिलोर,
मैं तो नाचूँगी,
मन मेरा बन गया हैं मोर,
मैं तो नाचूँगी।bd।

गायक – कन्हैया जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com